राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
(वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)
निफ्ट भोपाल- राजभाषा अनुभाग
National Institute of Fashion Technology
(Ministry of Textiles, Govt. of India)
NIFT Bhopal- Official Language Section

13136/निफ्ट भोपाल/प्रशा./हिन्दी समिति/2009/भाग-2 दिनांक: 29/09/2023

हिन्दी कार्यशाला कार्यवृत्त

राष्ट्रीय फ़ैशन प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल में दिनांक 27/09/2023 को अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच राजभाषा हिन्दी के प्रति रुचि बढ़ाने और हिन्दी के रचनात्मक पहलू से अवगत कराने के उद्देश्य से "हिन्दी गीत रचना" विषय पर एक हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला ले° कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल की अध्यक्षता में निफ्ट भोपाल के अधिकारियों,संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित हुई।

इस कार्यशाला में अतिथि वक्ता श्री भारत भूषण देशमुख, राजभाषा अधिकारी एवं सहायक कुलसचिव (छात्र मामले), भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल (म. प्र.) ने अपना वक्तव्य दिया। इस कार्यशाला में महोदय ने हिन्दी गीत रचना पर उसके तकनीकी पहलुओं जैसे टेक, अंतरा, मुखड़ा, लयबद्धता, मात्रा पर तो चर्चा की ही साथ ही यह भी बताया कि गीत लेखन की विधा केवल व्याकरण या तकनीकी पहलुओं को जान लेने मात्र से नहीं मिल सकती, इसके लिए आवश्यक है बस कोशिश करके निरंतर प्रयासरत रहना और भावनात्मक और वैचारिक पहलू ही इसे नवीन और अद्वितीय गुण प्रदान करते हैं।

महोदय के व्याख्यान के दौरान इस कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों ने गीत रचना से जुड़ी शंकाएँ/प्रश्न पूछे और महोदय ने सभी को थोड़ी सी कोशिश कर अपने भावों से ही हिन्दी लेखन या गीत/काव्य लेखन की शुरुआत करने की प्रेरणा दी।

इस कार्यशाला में महोदय द्वारा लिखित "आओ साथी तुम्हें मिलाएँ" गीत जो यूट्यूब पर उपलब्ध है, चलाया गया, जिसको उपस्थिति अधिकारियों/कर्मचारियों ने करतल ध्वनि से सराहा गया। इसी गीतमय वातावरण में ले° कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल ने "यहाँ हर घर कुछ कहता है" नामक स्व-रचित कविता सुनाई, जिससे अतिथि वक्ता के साथ-साथ निफ्ट भोपाल परिवार भी आश्चर्यचकित एवं प्रेरित हुआ।

यह कार्यशाला निदेशक महोदय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।



कार्यशाला मीडिया कवरेज :-

स्वदेश

राष्ट्रीय फ़ैशन प्रौद्योगिकी संस्थान में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

भावनात्मक और वैचारिक पहलू ही नए और अद्वितीय गुण प्रदान करते हैं

स्वदेश संवाददाता, भोपाल

राष्ट्रीय फ़ैशन प्रौद्योगिकी संस्थान में राजभाषा हिन्दी के प्रति रुचि बढ़ाने और हिन्दी के रचनात्मक पहलू से अवगत कराने के उद्देश्य से "हिन्दी गीत रचना" विषय पर एक हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला ले. कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल की अध्यक्षता में निफ्ट भोपाल के अधिकारियों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित हुई। अतिथि वक्ता भारत भूषण देशमुख, राजभाषा अधिकारी एवं सहायक कुलसचिव (छात्र मामले) भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल (म.प्र.) भोपाल ने वक्तव्य दिया।

Page No. 4 Sep 28, 2023
Bhopal Main-Edition
Powered by: erelego.com

इंटीग्रेटेड ट्रेड

होम

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
देश
दुनिया
कोरोना-वैक्सीनेशन
खेल
बॉलीवुड
बिजनेस
टेक & ऑटो
सम्पादकीय

राष्ट्रीय फ़ैशन प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल में अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच "हिन्दी गीत रचना" विषय पर कार्यशाला आयोजित

September 28, 2023 7:40 am
Editor: ITDC News Team

आईटीडीसी इंडिया ईप्रेस/आईटीडीसी न्यूज़ भोपाल : राष्ट्रीय फ़ैशन प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल में अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच राजभाषा हिन्दी के प्रति रुचि बढ़ाने और हिन्दी के रचनात्मक पहलू से अवगत कराने के उद्देश्य से "हिन्दी गीत रचना" विषय पर एक हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला ले॰ कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल की अध्यक्षता में निफ्ट भोपाल के अधिकारियों,संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित हुई।

(समता)
कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी

****